सार-समाचार

60 से अधिक शिक्षकों का सम्मान

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली हॉस्पिटल के स्व. नर्मदा देवी सभागार, उदयपुर में सिटी द्रोण अवार्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 60 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनमें सरकारी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल थे। साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सेमिनार में लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त गितेश मालवीय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेश्री श्रीमाली, उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप सिंह यादव एवं सचिव डॉ. उपेंद्र रावल शामिल हुए। साथ ही आमंत्रितों में गीतांजली हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड कल्पेश चन्द रजबार, डॉ. एस. एम. प्रसन्ना , बी. एल. जांगिड , कृष्णा कौशिक (डायरेक्टर, आर.के. प्रॉपर्टी एंड कंसल्टेंट)सीए राहुल बदाला (डायरेक्टर, बदाला क्लासेस) एवं डॉ. अरविंदर सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित विद्यालयों जैसे मिरांडा, सेंट्रल एकेडमी, अलोक, द स्टडी, माउंट लिट्रा जी स्कूल, शिशु भारती, सीडलिंग, रूरूक्कस, अभिनव सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हैप्पी होम, श्रीराम स्कूल, स्वामी विवेकानंद, रॉयल एकेडमी, प्रयास, गुरु नानक, नीरजा मोदी, सेंट ग्रेगोरियस तथा अन्य स्कूलों के शिक्षक एवं विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

योगी को किया आमंत्रित

बांसवाड़ा, (निसं)। राजपूत सभा छात्रावास संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर 29 मई को होने वाले समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण पत्र प्रदान किया। वागड़ क्षत्रिय महासभा की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रताप जयंती समारोह की जानकारी देते हुए अध्यक्ष जितेंद्र सिंह देवता ने बताया कि इस कार्यक्रम में सर्व समाज की भागीदारी रहती है। वागड़ क्षेत्र जिसमें बांसवाड़ा डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ जिले सम्मिलित है जो कि आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां के जन समुदाय को सुनियोजित ढंग से धर्म एवं राष्ट्रवादी विचारधारा से दूर करने की षड्यंत्र हो रहे हैं ऐसे में यांगी की गरिमा में उपस्थित से नव चेतना का संचार होगा एवं सनातन धर्म एवं राष्ट्रभक्ति के प्रति अटूट विश्वास भी स्थापित होगा। इससे पूर्व प्रतिनिधि मंडल ने यूपी परिवहन मंत्री दयाशंकरसिंह से मुलाकात कर उन्हें भी निमंत्रण दिया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने बांसवाड़ा की भौगोलिक, एवं राजनैतिक वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सीएम योगी के बांसवाड़ा आने से न केवल क्षेत्र में नव चेतना का संचार होगा वहीं सनातन धर्म एवं राष्ट्र के प्रति अटूट विश्वास भी स्थापित होगा। इस आयोजन में सीएम की सहभागिता के लिए बांसवाड़ा राजपूत छात्रावास संस्थान के साथ साथ, बांसवाड़ा पूर्व राजपरिवार के महारावल जगमालसिंह, बेणेश्वर पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज, रामद्वारा मठाधीश रामप्रकाश महाराज, सनातन धर्मसभा बांसवाड़ा संयोजक भुवन मुकुंद पंड्या, भाजपा जिलाध्यक्ष पूंजीलाल गायरी की ओर से भी बांसवाड़ा में आगमन के लिए निमंत्रण दिया गया। इस दौरान निमंत्रण देने महासभा संगठन मंत्री जयगिरीराजसिंह चौहान बांसवाड़ा, कर्मराजसिंह झाला जसकीरणसिंह टामटिया राठौड़, हरित प्रतापसिंह षामिल रहे।

सिविल डिफेंस पर की चर्चा

कपासन, (निसं)। पंचायत समिति में बुधवार को आपदा प्रबंधन, मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम राजेश सुवालका और डीएसपी हरजीलाल यादव ने अध्यक्षता की।एसडीएम और डीएसपी ने सभी को आपदा की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों में घबराहट न फैले, इसके लिए जागरूकता आवश्यक है। बैठक में सिविल डिफेंस पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि स्थिति की संवेदनशीलता को समझना और सतर्क रहना सबसे जरूरी है। बैठक के अंत में एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अलग से भी चर्चा की। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी भी सभी को दी गई।बैठक में तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा, सीआई रतनसिंह और पंचायत समिति कपासन विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी,प शांति समिति, सीएलजी, सुरक्षा सखी, स्वयंसेवी संस्थाएं, पंचायत राज के ग्राम पंचायत प्रशासक, वीडीओ और नगर पालिका के अधिकारी नपा अध्यक्ष, पार्षद के अलावा औद्योगिक संस्थानों के सदस्य और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

गौरव जल मंदिर का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। मदार, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए गौरव भंडारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में गौरव भंडारी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर राजकीय बाउमाप्रावि विद्यालय, मदार में गौरव जल मंदिर का शुभारंभ हुआ । यह जल मंदिर न केवल विद्यालय की छात्राओं, बल्कि आसपास के ग्रामीणों को भी स्वच्छ और शीतल जल उपलब्ध कराएगा। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जे. के. टायर फैक्ट्री में हादसे की सूचना पर परखी तैयारियां

राजसमंद, (निसं)। वर्तमान परिस्थितियों के मध्यनजर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जे. के. टायर फेक्ट्री में मॉक ड्रिल का आयोजन जिला प्रशासन की ओर से किया गया। जे के टायर फेक्ट्री में बड़े हादसे की सूचना पर शहर में हड़कंप मच गया। पुलिस, सिविल डिफेंस, मेडिकल, अग्निशमन सहित सभी टीमें तुरंत प्रभाव से मौके के लिए रवाना हुई।

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बालमुकुंद असावा, एसपी मनीष त्रिपाठी, एडीएम नरेश बुनकर, एसडीएम बृजेश गुप्ता, नगरपरिषद आयुक्त बृजेश राय सहित कई अधिकारी तुरंत प्रभाव से मौके पर

■ **मॉकड्रिलः जे.के. टायर फेक्ट्री में हादसे की सूचना पर हड़कंप मचा**

राजसमंद के जेके टायर फैक्ट्री में हुई मोकड्रिल के दौरान आपदा में घायल लोगों को बचाने की रिहर्सल करते सुरक्षाकर्मी।

पहुंचे। एक-एक कर घायलों को एम्बुलेंस में स्ट्रेचर की मदद से जे के टायर फैक्ट्री से निकाल कर लाया गया और अस्पताल पहुंचाया गया। इधर तुरंत प्रभाव से पहुंची फायर ब्रिगेड ने भी मोर्चा संभाला और आग पर काबू पाया। मोक ड्रिल के दौरान सिविल डिफेंस के जवानों ने त्वरित गति से घायलों को राहत पहुंचाने का काम किया। कम घायलों और अन्य कर्मचारियों को जे के टायर फेक्ट्री की बस से रवाना किया गया। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रही।

मॉकड्रिल के पश्चात जिला कलक्टर असावा ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की गई। इसमें जिले के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र जे के टायर फैक्ट्री में हादसे की सूचना पर सभी टीमें समय पर मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस, अग्निशमन, सिविल डिफेंस के जवान, एम्बुलेंस, जेसीबी, विभागीय अधिकारी आदि समय पर पहुंचे। मॉकड्रिल में हम 10-15 मिनट में ही सभी आवश्यक संसाधन समय पर जुटाने में सफल रहे। जे के टायर के स्वयं का नेटवर्क भी समय पर पहुँचा। हमने इस दौरान रेसपोन्स टाइम परखने का प्रयास किया। कोई भी हादसा होने पर जिन-जिन संसाधन और विभागों की आवश्यकता है, सभी समय पर पहुंचे। कलक्टर ने कहा कि सूचना के 10 मिनट में ही एम्बुलेंस पहुंच गई। आगे मोक ड्रिल की रिपोर्ट की समीक्षा भी की जाएगी। रेस्क्यू के बाद जब सभी को यह पता चला कि मॉक ड्रिल थी, तो सभी ने राहत की सांस ली। जिला प्रशासन और पुलिस जिले में हर विपरीत परिस्थिति से निपटने को लेकर मजबूती के साथ प्रतिबद्ध है।

खाटू श्याम के नगर भ्रमण के साथ निकलेगी निशान यात्रा

उदयपुर, (कासं)। श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से 8 से 10० मई तक आयोजित होने वाले 9वें भव्य श्री श्याम महोत्सव का आगाज गुरुवार को श्याम प्रभु के नगर भ्रमण और निशान यात्रा के साथ होगा। महीनों से इस महोत्सव का इंतजार कर रहे हजारों श्याम भक्त निशान यात्रा में शामिल होंगे। 10

■ **10 मई को सजेगा श्याम दरबार, महोत्सव का आगाज आज**

उदयपुर में पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी देते सीपी बंसल और हिम कुमार एरन ।

मई को फतह स्कूल में विशाल भजन संध्या में देश के प्रख्यात भजन कलाकार आ रहे हैं।

ट्रस्ट के सीपी बंसल और हिम कुमार एरन ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि इस बार श्याम महोत्सव एतिहासिक होगा। महोत्सव का आयोजन फतह स्कूल मैदान में होगा। 8 मई को श्री श्याम महोत्सव की शुभारंभ भव्य निशान यात्रा से होगा। इस यात्रा मे एक हजार से ज्यादा श्याम प्रेमी शामिल होंगे। फतह स्कूल मैदान से शाम 6 बजे यह निशान निकलेगी जो सूरजपोल, बापूबाजार, देहलीगेट, टाउनहॉल मार्ग होते हुए वापस सूरजपोल होकर फतह स्कूल पहुंचेगी। निशान यात्रा के साथ उदयपुर में पहली बार बाबा खाटू श्याम का नगर भ्रमण भी होगा। निशान यात्रा में शामिल होने के लिए पंजीयन करवाना जरुरी है। महोत्सव के दूसरे दिन 9 मई को मेहंदी की रस्म होगी जिसमें महिलाएं बाबा की नाम की मेहंदी लगाएगी।श्याम महोत्सव का मुख्य आयोजन 10 मई को होगा जिसमें शाम 7 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होकर प्रभु ईच्छा तक चलेगी। भजन गायक नंदू महाराज श्री श्याम महोत्सव के मुख्य आकर्षण होंगे। इनके अलावा गुरुग्राम से नरेश सैनी व नजफगढ से बंटू भैया जैसे बडे कलाकारों के साथ ही दिल्ली से महावीर अग्रवाल वासु व मयूर रस्तोगी भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।उन्होंने बताया कि श्री श्याम महोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरणों में है। पिछले एक महीने से इसकी तैयारियां चल रही थी। सोमवार को सुबह 9 बजे विधि विधान के साथ श्याम दरबार का निर्माण शुरु हो गया है।

डम्पिंग यार्ड का निरीक्षण किया

उदयपुर, (कासं)। बलीचा स्थित डम्पिंग यार्ड की स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आई हैं। डूंगरपुर के भाजपा के स्वच्छ भारत मिशन संयोजक और पूर्व सभापति केके गुप्ता ने बुधवार को यार्ड का निरीक्षण किया जहां उन्होंने कचरे का विशाल ढेर और अव्यवस्थित स्थिति पाई।निरीक्षण के दौरान पाया कि डम्पिंग यार्ड में कचरा जलाया जा रहा है, जिससे निकलने वाला जहरीला धुआं आसपास की आवासीय कॉलोनियों में फैल रहा है। पंडित दीनदयाल नगर सोसायटी बलीचा के सचिव आनंद यादव ने बताया कि उनकी सोसायटी मात्र 10०-15० मीटर की दूरी पर स्थित है। कचरा जलने से उठने वाले धुएं के कारण विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को श्वास संबंधी समस्याएं हो रही हैं।सोसायटी के सचिव जितेन्द्र पछोला ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार कलेक्टर और निगम कमिश्नर को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थिति इतनी गंभीर है कि लोगों को अपने घरों की खिडकियां और दरवाजे बंद रखने पडते हैं। स्थानीय निवासी कैलाश सालवी, देवेन्द्र और विजय रणवा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

शिविर आज

राजसमंद, ०(निसं)। राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय गणेश नगर कांकरोली में गुरुवार को आयुर्वेद विभाग एवं धन्वन्तरी गुजरात हर्ब्स के सहयोग से नि:शुल्क बात व्याधी शिविर का आयोजन प्रात: 9 बजे से दोपहर 1बजे तक किया जाएगा।

एयर स्ट्राइक से जश्न का माहौल

कपासन, (निसं)। भारत द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद कपासन में जश्न का माहौल देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई इस कार्रवाई में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया।स्थानीय नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पांच बत्ती चौराहे पर एकत्रित होकर तिरंगा लहराया। लोगों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए और आतिशबाजी की। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यक्रम में लगभग 15 मिनट तक आतिशबाजी चलती रही। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल पंकज सिरोया, नपा अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

मिड डे मील का किया निरीक्षण

बांसवाड़ा, (निसं)। राज्य स्तर पर दोपहर के भोजन की जांच के लिए प्रदत्त निर्देश पर जिला कलक्टर द्वारा गठित जांच दल अन्तर्गत शिक्षा विभाग के आदेश पर दो दिवसीय जांच प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सज्जनगढ़ प्रकाश पण्ड्या ने बुधवार को मदरसा अन्जुमन इस्लामिया, अहमदपुरा, मदरसा हुसैनी चौक, रिजवी मदरसा मदार कॉलोनी में मिड डे मील कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान पंड्या ने विद्यालय की साफ सफाई एवं व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। तीनों ही संस्थाओं में एमडीएम में लाभान्वित बच्चों की संख्या, भोजन की गुणवत्ता एवं भोजन व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक बातें और भोजन के बुनियादी उसूल भी बच्चों के साथ साझा किए। इस दौरान संस्था प्रधान अयूब खान के साथ पण्ड्या ने वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण भी किया और अध्यापकों से भी रूबरू होते हुए निर्देश दिए। इस दौरान जितेश शर्मा समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

सर्जिकल स्टाइक ने जगाया जोश

बांसवाड़ा, (निसं)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राइक से हर भारतीय का जोश और जज्बा सडकों पर नजर आया एक तरफ जहां मोदी है तो मुमकिन है कि नारे लगे वहीं भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे भी गूंजते नजर आए। शहर के गांधी मूर्ति चौराहे पर भाजपायों ने जमकर आतिशबाजी की वही ढोल नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया। पूंजीलाल गायरी ने कहा कि पहलगाम में हमारी माता और बहनों के सिंदूर उजाडें गए। जाति पूछ कर और कलमा पढ़ने को कह कर नरसंहार किया गया। इसके विरोध में देश का प्रत्येक नागरिक आतंकी कार्रवाई को करारा जवाब देने के लिए आतुर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंदूर पौछने वालों से बदला लेते हुए घर में घुसकर एक बार फिर आतंकियों का सफाया करने की षुरूआत की है। गायरी ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है यह आज हर भारतीय की जुबां पर आ रहा है। भारतीय सेना ने आतंकियों का सफाया किया है सर्जिकल स्ट्राइक में भी मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता दी गई है। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री धन सिंह रावत, महावीर बोहरा, भगवत पुरी सहित अनेक नेता मौजूद रहे। इधर शहर के डेगली माता चौक में क्रांतिकारी तरुण मंच की ओर से भारतीय सेना की सफल कार्रवाई पर आतिशबाजी की ढोल नगाड़े बजाते हुए भारतीय सेना जिंदाबाद और आतंकियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

आर्मी जवान रहे युवाओं ने किया रक्तदान

बांसवाड़ा, (निसं)। पहलगाम पर आतंकी हमले की जवाबी कार्रवाई में देश के दो आर्मी जवान रहे आदित्य रंजन, हेमंत कुमार भोई तथा एक अन्य कर्मेंद्र सिंह ने रक्तदान किया। आदित्य रंजन ने कहा हे कि देश के लिए हर देश वासी को तन मन धन से तैयार रहना चाहिए। हेमंत कुमार भोई ने कहा कि देश हर नागरिक कहा हे कि अपना देश सर्वोपरि हे देश के लिए मरने मिटने को तैयार रहना चाहिए ब्लड बैंक के डॉ प्रवीण गुप्ता, डॉ. ओपी दायमा, रेड क्रास सोसायटी के राहुल सराफ का सहयोग रहा।

कारागृह का निरीक्षण

राजसमंद, ०(निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला प्राधिकरण अध्यक्ष अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ विजिटर्स एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला कारागृह का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान कारागृह में जाति आधारित भेदभाव एवं भेदभावपूर्ण प्रथाओं, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, दवाईओं की उपलब्धता, रजिस्टरों के संधारण, विधिक सहायता आदि के सम्बन्ध में बंदियों से वार्ता की गई। जिसमें कारागृह में किसी भी प्रकार का जातिगत भेदभाव नहीं होना पाया गया।

बैठक आयोजित

उदयपुर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की ओर से संविधान बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। एआईसीसी द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 3 मई से 10 तक जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली करना प्रस्तावित है। इसी क्रम में देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान बचाओ रैली की तैयारी करने हेतु बैठक हुई।

इस अवसर पर प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि संविधान बचाओ रैली की तैयारी बैठक के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी दिनेश खोडनिया के मुख्य आतिथ्य में सवीना सब सिटी सेंटर स्थित हॉल में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं रैली प्रभारी दिनेश खोडनिया ने कहा कि संविधान की शक्ति ने ही हमें आगे बढने का अवसर दिया है, समानता का अधिकार दिया है। हमें निर्भीक और निडर होकर पूरे सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने की ताकत दी है। हम हर कीमत पर संविधान की रक्षा करेंगे।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम अली असगर से बदलकर अली असगर खिलोना रख लिया है। आगे भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

- अली असगर खिलोना
पुत्र श्री मोइज़ अली खिलोना
पता:- 05, भूत महल, लुकमानी मेंशन, बोहरवाड़ी, गिर्वा, उदयपुर (राज.)

आम सूचना

हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी श्री मुराद खान उर्फ बाबु खान पिता महरूम अमीर खान उम्र वयस्क निवासी बाका दरवाजा देबारी जिला उदयपुर (राज) के हिदायतानुसार मेरे व्यवहारी के बडे पुत्र मुमतीयाज खान उर्फ पिल्लु मेरे व्यवहारी के कहने मे नहीं है एवं मेरे व्यवहारी से आये दिन अपनी संतान सद्दाम खान, शाहरूख खान एवं रेहाना के साथ हम सलाह होकर लडाई झगडे पर उतारू होते है। जिससे मेरे व्यवहारी अपने बडे पुत्र मुमतीयाज खान उर्फ पिल्लु को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, सो कोई व्यक्ति मेरे व्यवहारी के पुत्र से कोई लेन देन नहीं करे यदि करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मेरे व्यवहारी का कोई दायित्व नहीं रहेगा और भविष्य में मेरे व्यवहारी के पुत्र की संतान सद्दाम खान, शाहरूख खान एवं रेहाना का भी कोई हिस्सा नहीं रहेगा।

स्थान:-उदयपुर (राज.)
दिनांक:-05 0.05.2025

हबीबुर्रहमान खान पठान
एडवोकेट
112, फारूक आजम नगर, मुल्लातलाई
उदयपुर (राज.) मो.9529759651

साकरोदा गैस प्लांट पर मॉक ड्रिल, मचा हड़कम्प



साकरोदा स्थित भारत पेट्रोलियम गैस प्लांट और अंबेरी क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ

उदयपुर, (कासं)। बुधवार शाम को आपातकालीन मॉक ड्रिल के दौरान साकरोदा स्थित भारत पेट्रोलियम गैस प्लांट और अंबेरी क्षेत्र में हडकंप मच गया। अचानक फैली एयर स्ट्राइक की अफवाह ने प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया।

जैसे ही प्लांट को संभावित हमले का निशाना बनाए जाने की खबर फैली,तुरंत जिले का प्रशासन हरकत में आ गया। शाम को चार बजे यह अभ्यास किया गया। उदयपुर रेंज की आईजी,जिला कलेक्टर,एसपी सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके के लिए रवाना हुए। दमकल विभाग की कई गाडियां भी तुरंत प्लांट की ओर रवाना की गईं,जबकि सिविल डिफेंस की टीमों ने भी त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी। इसी दौरान अंबेरी क्षेत्र में फायरिंग और इमरजेंसी मैसेज वायरल होने से इलाके में भी अचानक हलचल बढ गई। फौरन एक और दमकल की गाडी अंबेरी की ओर रवाना की गई लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि यह सब मॉक ड्रिल का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों को परखना था। प्रशासन ने इस स्थिति पर जनता से संयम बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मकसद आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय को सुनिश्चित करना है। इस तरह के अभ्यास न केवल प्रशासन की तैयारी को परखते हैं बल्कि आम नागरिकों को भी सतर्क और जागरूक बनाते हैं। इसलिए मॉक ड्रिल के दौरान सहयोग देना सभी की जिम्मेदारी है।

विद्यापीठः मातृ संस्था व विवि का 80 करोड़ का बजट पारित

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ की मातृ संस्था जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ कुल की व्यवस्थापिका एवं साधारण सभा के सदस्यों की बैठक बुधवार को कुलपति सचिवालय के सभागार में कुल प्रमुख एवं कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर की अध्यक्षता व कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में 2025-26 के लिए मातृ संस्था एवं विश्वविद्यालय का 80 करोड़ रू. का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में पिछले दिनों पहलगाव में हुए आतंकी हमले में दिवंगत हुए के प्रति दो मिनिट का मोन रखकर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। भारतीय सेना द्वारा रात्रि को किये गये ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्यवाही की सभी सदस्यों ने एक स्वर में सेना के पराक्रम की सराहना की। कुलाधिपति भंवर लाल ने बताया कि नवीन सत्र से कुराबड़ स्थित बेमला में पूर्व में संचालित योगिता एज्यूकेशन सोसायटी को मातृ संस्था ने टेकऑवर कर लिया है जिसमें नवीन सत्र से विद्यापीठ द्वारा विद्यालय एवं महाविद्यालय संचालित करने के साथ रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों को भी संचालित किया जायेगा। बैठक में डिफेंस अकादमी खोलने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया। कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थापक जनुभाई ने आजादी के 10

विद्यापीठ कुल की व्यवस्थापिका एवं साधारण सभा कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

वर्ष पूर्व 1937 में पांच कार्यकर्ता एवं तीन रूपये के बजट से शुरू आज संस्थान का 80 करोड़ का वार्षिक बजट है व 10 हजार से अधिक विद्यार्थी नियमित अध्ययनरत है जिसका श्रेय मैं संस्थान के निष्ठावान एवं ईमानदार कार्यकर्ताओं को देना चाहूंगा जिसकी बदौलत संस्था आज इस मुकाम पर है। संस्थान ने शिक्षा के हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। 1987 में यूजीसी ने संस्थान को पांच कोर्स के साथ विवि का दर्जा प्रदान किया था, आज 75 से अधिक मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि नवीन सत्र से विवि में चार वर्षीय बीफार्मा पाठ्यक्रम संचालित किया जायेगा जिसकी तैयारियॉ अंतिम स्तर पर है, नवीन सत्र से एग्रीकल्चर महाविद्यालय में विद्यार्थी जेट के द्वारा भी प्रवेश ले सकेंगे। प्रतापनगर परिसर में नवीन सत्र से अत्याधुनिक 120 बेड़ वाले हॉस्टल का शुभारंभ किया जायेगा जिसमें विद्यार्थी को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। श्रमजीवी महाविद्यालय परिसर में बनाई जा रही राजस्थान की सबसे उत्कृष्ट शूटिंग रेंज का कार्य अंतिम स्तर पर है इसका शुभारंभ में अतिशीघ्र नवीन सत्र से किया जायेगा जिससे शहर के युवाओं को इसका लाभ मिल सकेगा। प्रारंभ में सचिव भैरूलाल लौहार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में उदयपुर, अजमेर, हटुण्डी व झाड़ोल के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. ओम पारीक सहित कार्यकर्ताओं ने संस्थान को ओर अधिक उंचाईयों पर ले जाने के लिए अपने सृजनात्मक सुझाव दिये। बैठक में पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, संगठन सचिव प्रवीण गुर्जर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, भेरूलाल लौहार, डॉ. युवराज सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F.6 ( )ACQ/Gen/2025/207 **आम सूचना** दिनांक :- 07/05/2025

प्राधिकरण की साउथ एक्सटेशन स्कीम सेक्टर "डी" मे आने वाली राजस्व ग्राम तितरडी 2705 से 2708, 3241 / 2750 की भूमि अवाप्त कर प्रभावित खातेदारो को भूमि के बदले 20 प्रतिशत आवासीय व 5 प्रतिशत व्यवसायिक भूखण्ड आवंटित किये गये है, उक्त योजना के प्रभावित खातेदारो द्वारा आवंटन करने हेतु आवेदन निवेदन किया गया है:-

क्र. सं.	राजस्व ग्राम/ खसरा नम्बर	भूखण्ड सं. आवासीय/ व्यवसायिक	क्षेत्रफल (वर्गफिट में)	सेक्टर	आवेदनकर्ता	खातेदार का नाम
1.	तितरडी 2705, 2706, 2707, 2708, 3241/2750	124 S-310	450 110	D D	श्रीमती सूची जगत मोगरा पत्नी श्री जगत मोगरा	मूल आवंटी श्री कमरूद्दीन साबुन वाला पिता श्री मोहम्मद हुसैन की मृत्यु दिनांक 11.03.2024 से वारिसानों ने पंजीकृत विक्रय पत्र श्रीमती सूची जगत मोहरा पत्नी श्री जगत मोगरा के पक्ष में दिनांक 02.08.2024 निष्पादित किया गया।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्डो का आवंटन पत्र जारी करने के संबंध मे किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अन्दर इस कार्यालय मे स्वंय उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता एंव संबंधित शाखा प्रभारी को भी सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मयाद नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(बिन्दु बाला राजावत) भूमि अवाप्ति अधिकारी, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024-25/762 **आम सूचना** दिनांक : 7/5/2025

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या/ ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्रीमती सविता करवाली पत्नी श्री रमेश करवानी	प्राधिकरण की चित्रकुट नगर भुवाणा योजना	ब्लॉक-ए	711	3746.52 वर्गमीटर	चित्रकुट नगर, भुवाणा योजना में रॉकवुड स्कुल के सामने स्थित 80 फीट सडक पर विज्ञान भवन के सामने की तरफ कॉर्नर भूखण्ड के रूप में स्थित है।	आवासीय उपयोग से मिश्रित उपयोग प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दि